# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001
email-jdajodhpur@yahoo.com वेब-साईट https://urban.rajasthan.gov.in/joda Phone No. 0291-2612086/2656355-7

क्रमांक/बैठक/2023/ 2204 दिनांक :: 26 अप्रैल, 2023

## बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री नवनीत कुमार, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में दिनांक 25 अप्रैल, 2023 को मध्यान्ह पश्चात् 4.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्य/अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर उपलब्ध है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 29 मार्च 2023 मे लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

गत बैठक दिनांक **29 मार्च 2023** का कार्यकारी समिति विवरण जारी किया जाकर सभी को प्रेषित किया जा चुका है। अतः कार्यकारी समिति की गत बैठक **29 मार्च 2023** का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है ।

### निर्णय

बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति गत बैठक दिनांक 29 मार्च, 2023 में लिये गये निर्णय की पुष्टि करते हुए जारी कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में होने वाली बैठकों में गत बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालना रिपोर्ट (Action Taken Report) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावे।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय में रूडिसको को अंशदान भुगतान बाबत्।**

| क्र. सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय में रूडिसको को अंशदान भुगतान बाबत्। | राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय में रूडिसको को प्रतिवर्ष प्राधिकरण का अंशदान भुगतान के अनुमोदन कि अनुशंषा कि जाती है। |

स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 8452 दिनांक 25.08.2021 द्वारा राजस्थान शहरी विकास के स्थान पर राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय का गठन वित्त विभाग की सहमति से किया गया है तथा राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय को रूडिसको द्वारा ही संचालित किया जाना है।स्वायत शासन विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना तथा राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय के दिशा निर्देशों के क्रम में RUDF II फण्ड साईज में विकास प्राधिकरण का वार्षिक अंशदान जमा कराया जाना है। RUDSICO के पत्र क्रमांक 7863 दिनांक 09.12.2021 तथा नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक प.12(23)नविवि/I/2017 जयपुर दिनांक 03.11.2021 अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण को विकास निधि के रूप में राशि रू 500.00 लाख प्रतिवर्ष जमा कराये जाने है।

उक्त अंशदान 2021–22 से जमा करवाया जाना है। वितीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 हेतु राशि रू 1000.00 लाख के विरूद्व प्राधिकरण की वितीय स्थिति अनुसार राशि रू 500.00लाख का भुगतान कार्यकारी समिति कि बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में किये जाने के फलस्वरूप कार्यकारी निदेशक रूडसिको को किया जा चुका है।

अतः प्राधिकरण का वार्षिक अंशदान रूडिसको को हस्तान्तरित की गई राशि रू 500.00 लाख तथा शेष राशि प्राधिकरण कि वितीय स्थिति अनुसार करने का अनुमोदन कार्यकारी समिति में करवाये जाने की अनुशंषा की जाती है। प्रतिवर्ष निर्धारित अंशदान राशि एवं बकाया राशि का हस्तान्तरण

Scanned with OKEN Scanner

जोधपुर विकास प्राधिकरण की वितीय स्थिति अनुसार करने कि स्वीकृति की अनुशंषा सहित अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

## निर्णय

बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: नवीन वस्त्र व्यापार योजना खसरा संख्या 98 ग्राम आंगणवा की पूर्व मे निर्धारित आरक्षित दर मे संशोधन बाबत्**

| क्र.स | प्रभारी अधिकारी एजेण्डा के सम्बन्ध में | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा |
|---|---|---|
| 01. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/ टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नहीं गया हैं। | नवीन वस्त्र व्यापार योजना खसरा संख्या 98 ग्राम आंगणवा की पूर्व मे निर्धारित आरक्षित दर मे संशोधन बाबत्। |

ले आउट प्लान कमेटी की बैठक दिनांक 24.08.2022 के एजेण्डा संख्या 02 अनुसार ले–आउट स्वीकृत किया गया। योजना में विभिन्न माप के कुल 819 व्यवसायिक भूखण्ड एवं 123 Informal Shops हैं, ग्राम आंगणवा के खसरा संख्या 98 में कुल क्षेत्रफल 159.13 बीघा भूमि में से 63 बीघा में व्यवसायिक योजना लांच की जानी हैं। जिसमें भूखण्डो का आंवटन/निलामी द्वारा किया जाना हैं, प्राधिकरण के जोनवार सम्बन्धित क्षेत्रो की भूमियों के क्षेत्र की प्रचलित अविकसित कृषि भूमि की आरक्षित दर एवं विकास कार्यो पर होने वाले व्यय की गणना के आधार पर पूर्व मे कार्यकारी समिति द्वारा नवीन वस्त्र व्यापार योजना की आरक्षित दर का निर्धारण 40000/– प्रति वर्गमीटर किया गया था। लेकिन वस्त्र व्यापारियों एवं जन प्रतिनिधीयों द्वारा इस संबंध मे आपत्ति दर्ज करवाते हुए इस संबंध मे जिला कलक्टर महोदय एवं विकास प्राधिकरण मे कई ज्ञापन प्रस्तुत किये गये, जिस संदर्भ मे उक्त दरो के पुर्ननिर्धारण पर विचार विमर्श किया गया। जिसके संदर्भ मे निदेशक अभियांत्रिकी द्वारा उक्त क्षेत्र की अविकसित भूमि की आरक्षित दर एवं उक्त कॉलोनी को विकसित करने मे होने वाले व्यय के आधार पर आरक्षित दर निर्धारण की निम्न प्रकार तालिका तैयार की गयी है :–

| S.No. | Item | Amount in Lacs | |
|---|---|---|---|
| | | Residential | Commercial=2 X residential |
| 1 | Cost of Land (As Given by DC North)<br>Total Scheme Area = 63.00 Bigha or 101980.63 Sqm<br>Area Considered for Planning of scheme = 63.00 Bigha (As given by Planning Dept.)<br>63.00 Bighas @ Rs. 25.00 Lac. Per Bigha (As given by DC-North) | 1575.00 | 3150.00 |
| | Total (i) | 1575.00 | 3150.00 |
| 2 | Total Salable Area | | |
| | Total Salable Area (As given by Planning Dept.) in sqm. | 35952.68 | 35952.68 |
| | Total (ii) | 35952.68 | 35952.68 |
| 3 | Cost of Development Based on P.W.D. Bldg. BSR & Road 2019 | | |
| | (a) Levelling & Dressing | 75.00 | 75.00 |
| | (b) Survey, Demarcation, Construction of Mutam and main gate | 100.00 | 100.00 |
| | (c) Construction of Bt /CC Road | 1552.88 | 1552.88 |
| | (d) Storm Water Drain, Culvert & Footpath | 444.45 | 444.45 |
| | (e) Development of Park ,Open Area | 225.00 | 225.00 |
| | (f) Water Supply System (As given by P.H.E. Zone) | 1430.05 | 1430.05 |
| | (g) Sewerage System (As given by P.H.E. Zone) | 705.68 | 705.68 |
| | (h) Electrification Work (As given by Electric Zone) | 900.00 | 900.00 |
| | (i) Plantation Work | 150.00 | 150.00 |
| | (j) Fee & Five year Charges for Rera | 10.00 | 10.00 |
| | (k) Consultancy Charges for Rera Registration | 1.00 | 1.00 |
| | Total (iii) | 5594.06 | 5594.06 |
| | Total (i) & (iii) | 7169.06 | 8744.06 |
| | Reserve Price in per sqm.<br>= Total Cost/Total Saleable Area | 19940.27 | 24321.02 |
| | Proposed For Residential/Commercial Reserve Price (Say) | Rs.20000/-Per Sqm. | Rs. 24000/-Per Sqm. |



Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त गणना अनुसार योजना की व्यवसायिक आरक्षित दर 24,000/– रूपये प्रति वर्गमीटर प्राप्त हुई हैं पत्रावली के पैरा एन/11 व 12 पर प्राप्त रिपोर्ट अनुसार पूर्व में जो अधिक दर निर्धारण का जो मुख्य कारण था वह यह था कि आवासीय दर को दुगना करते वक्त विकास पर होने वाले व्यय को भी दुगना कर दिया गया जिससे आरक्षित दर अधिक हो गयी। उपरोक्त तालिका में अविकसित भूमि आवासीय आरक्षित दर को दुगना किया गया है एवं उसमें योजना पर होने वाले व्यय को जोडा गया है जिसके आधार पर प्राप्त व्यावसायिक आरक्षित दर 24000/– प्रति वर्गमीटर बनती है, जो सक्षम स्वीकृति/अनुमोदनार्थ हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

## निर्णय

बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए प्रस्तावानुसार व्यवसायिक आरक्षित दर 24,000/– प्रतिवर्ग मीटर निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: राजस्व ग्राम मोगड़ाखुर्द तहसील लूणी के खसरा संख्या 142 रकबा 370.06 बीघा किस्म गै.मु. गोचर में से 493043.8 वर्गमीटर क्षेत्रफल भूमि पर प्रस्तावित ट्रासंपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना की आरक्षित–दर पुनः निर्धारण करने बाबत्।**

| क.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | राजस्व ग्राम मोगड़ाखुर्द तहसील लूणी के खसरा संख्या 142 रकबा 370.06 बीघा किस्म गै.मु. गोचर में से 493043.8 वर्गमीटर क्षेत्रफल भूमि पर प्रस्तावित ट्रासंपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना की आरक्षित–दर पुनः निर्धारण करने की अभिशंषा की जाती है। |

संयुक्त शासन सचिव–तृतीय नगरीय विकास विभाग के पत्र कमांक प.1(1) नविवि/जोधपुर/2014 दिनांक 14.06.2014 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा सक्षम स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार राजस्व ग्राम मोगड़ाखुर्द के खसरा सख्या 142 व 295 के रकबा 601.12 में से 336 बीघा भूमि पर ट्रांसपोर्ट नगर एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक 30 जुलाई व 31 जुलाई 2014 के प्रस्ताव संख्या 3 (7) में उक्त योजना की व्यवसायिक रिजर्व प्राईज 13080/– प्रतिवर्गमीटर निर्धारित की गई थी। जिसके अंतर्गत विभिन्न ट्रासंपोटर्स के संगठनों द्वारा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की गई आरक्षित दर के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई गई। आवंटन आरक्षित दर की बजाय डीएलसी दर पर भूखण्ड आवंटन की मांग की गई।

दिनांक 12.03.2018 को प्रस्तावित योजना के संबंध में आयुक्त महोदय के कक्ष में बैठक आयोजित की गई जिसके अंतर्गत निर्धारित की गई व्यवसायिक आरक्षित दर 13080/– को पुनः विश्लेषण करते हुए रिजर्व प्राईज की दर निर्धारित करने हेतु निदेशक (अभियांत्रिकी) को नियुक्त किया गया।

प्राधिकरण के पत्र कमांक एफ–46/आवंटन/2018/1107 दिनांक 03.08.2018 के द्वारा जोधपुर में पाली रोड़ पर प्रस्तावित नये ट्रासंपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट के आवंटन की दर निर्धारण करने हेतु सचिव, निदेशक (अभियांत्रिकी), निदेशक (वित्त), निदेशक (आयोजना), उपायुक्त (पूर्व) समिति का गठन किया गया।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जिला वृत जोधपुर के पत्र कमांक 3412 दिनांक 24.07.2019 के द्वारा प्राधिकरण की उक्त योजना में आंतरिक पेयजल वितरण प्रणाली व बाह्य पेयजल व्यवस्था हेतु तकमीना (Tantative तौर पर) प्रेषित किया गया। जिसके अंतर्गत निदेशक (अभियांत्रिकी) जोविप्रा के अनुसार प्रस्तावित योजना की आरक्षित दर 12550/–प्रति वर्गमीटर निर्धारण किये जाने की रिपोर्ट प्राप्त हुई।



Scanned with OKEN Scanner

जिसके संबंध में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 03.09.2019 में इस योजना की पूर्व निर्धारित आरक्षित दर 13080/- रू. प्रतिवर्गमीटर को कम करते हुये 12550/- रू. प्रति वर्गमीटर निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय नगरीय विकास विभाग जयपुर के पत्रांक प.1 (63) नविवि/जोधपुर/2021 जयपुर दिनांक 16.09.2022 के अनुसार नगरीय विकास विभाग के लिये गठित मंत्रीमण्डलीय एम्पावर्ड समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 30.08.2022 में लिये गये निर्णयानुसार उक्त योजना के भूखण्डों का पूर्व में प्राधिकरण द्वारा निर्धारित आरक्षित दर 12550/- रू प्रतिवर्गमीटर में 30 प्रतिशत की रियायत दिये जाने एवं योजना में अवस्थित भूखण्डों का संबंधित एसोसियेशन में पंजीकृत फॉर्म/व्यवसायी को ही लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना के खसरा संख्या 142 व 295 ग्राम मोगड़ाखुर्द की आरक्षित दर की गणना पुनः करने हेतु निदेशक(अभियांत्रिकी) को नियुक्त किया गया।

निदेशक (अभियांत्रिकी) जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर द्वारा पूर्व में कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 03/09/2019 को निर्धारित आरक्षित दर 12550/- रू प्रतिवर्गमीटर की गणना में पांच वर्ष हेतु 20 प्रतिशत मेन्टनेन्स चार्जेस को विलोपित कर शेष चार्जेस को यथावत रखते हुये पुनः गणना की गई। पुनः गणना निम्नानुसार है :-

**Revised Reserve Price**

**For Transport and Automobile Nagar at Khasra No. 142, 295 Mogara Khurd, Jodhpur**

| S.No. | Item | Amount in Lacs |
|---|---|---|
| 1 | **Cost of Land (As Given by DC South) Total Scheme Area = 299.86 Bigha Area Considered for Planning of scheme = 299.86 Bigha (As given by Planning Dept.) 299.86 Bighas @ Rs. 3150000/- Per Bigha 100% GD.L.C. Rate (3150000/-) (As given by DC-South)** | 9445.59 |
| | **Total (i)** | **9445.59** |
| 2 | **Total Saleable Area (As given by Planning Dept.)** | |
| | **Total Commercial Area (As given by Planning Dept.)** | **165436.37** |
| | **Total OCF Area (As given by Planning Dept.)** | **37417.70** |
| | **Total (ii)** | **202854.07** |
| | **Effective Saleable Area =0.85x Saleable Area in Sqm.** | **172425.96** |
| 3 | **Cost of Development Based on P.W.D. Bldg. BSR 2013 & Road 2016** | |
| | (a) Levelling of ground and Survey work | 72.79 |
| | (b) Construction of Road | 1860.14 |
| | (c) Constructing of Parking Area | 463.16 |
| | (d) Constructing of Park | 285.95 |
| | (E) Constructing OCF Boundary Wall | 22.97 |
| | (e) Water Supply System **(As given by P.H.E. Zone)** | 443.64 |
| | (f) Sewerage System **(As given by P.H.E. Zone)** | 483.90 |
| | (g) Electrification Work **(As given by Electric Zone)** | 1300.00 |
| | (h) Plantation Work | 43.00 |
| | **Total (iii)** | **4975.55** |
| | **Total (i) & (iii)** | **14421.14** |



Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 4 | Add 30% of Total (i) & (iii) for administration and Establishment Charges = Total (iv) | 4326.34 |
| | Total (v) | 18747.48 |
| | Reserve Price in per sqm.=Total Cost/Total Saleable Area | 10872.77 |
| | Say | Rs. 10870 per Sqm. |

उपरोक्तानुसार पुनः गणना उपरान्त योजना की आरक्षित दर 10870/- रू प्रतिवर्गमीटर प्राप्त हुई है। अतः ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना की संशोधित आरक्षित दर 10870/- रू प्रतिवर्गमीटर के निर्धारण की सक्षम स्वीकृति/अनुमोदनार्थ हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

## निर्णय

बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए प्रस्तावानुसार ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना की संशोधित आरक्षित दर 10870/- निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 5 :: नवीन आवासीय योजना खसरा संख्या 221 व 226 ग्राम मोगड़ा कलां की आरक्षित दर के निर्धारण के सम्बन्ध में।**

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | नवीन आवासीय योजना के खसरा संख्या 221 व 226 ग्राम मोगड़ा कलां की आरक्षित दर व नामकरण सक्षम स्वीकृति/अनुमोदनार्थ हेतु अभिशंषा की जाती हैं। |

राजस्व ग्राम मोगड़ाकलां के खसरा संख्या 221 व 226 में योजना का ले आउट प्लान दिनांक 03/10/2018 एवं संशोधित लें-आउट प्लान दिनांक 17/08/2021 को स्वीकृत किया गया। योजना में विभिन्न माप के कुल 287 आवासीय भूखण्ड एवं 58 Informal Shops हैं, ग्राम मोगड़ा कलां के खसरा संख्या 221 व 226 में कुल क्षेत्रफल 76.41 बीघा भूमि में आवासीय योजना लांच की जानी हैं। जिसमें भूखण्डो का आवंटन लॉटरी द्वारा किया जाना हैं, प्राधिकरण के जोनवार सम्बन्धित क्षेत्रो की भूमियों के क्षेत्र प्रचलित वर्तमान डी.एल.सी दर एवं विकास कार्यो पर होने वाले व्यय की गणना निम्नानुसार की गई हैः-

| S.No. | Item | Amount in Lacs | |
|---|---|---|---|
| | | Residential | Commercial=2 X residential |
| 1 | Cost of Land (As Given by DC East) (123698.97 Sqmt /1619.33=76.39 Bigha)<br>Total Scheme Area = 76.39 Bigha<br>Area Considered for Planning of scheme = 76.39 Bigha (As given by Planning Dept.)<br>76.39 Bighas @ Rs. 3200000- Per Bigha for Residensial (As given by DC-East) | 2444.48 | 4888.96 |
| | Total (i) | 2444.48 | 4888.96 |
| 2 | Total Salable Area | | |
| | Total Salable Area (As given by Planning Dept.) in sqm. | 70214.02 | 70214.02 |
| | Total (II) | 70214.02 | 70214.02 |
| 3 | Cost of Development Based on P.W.D. Bldg. BSR & Road 2019 | | |
| | (a) Levelling & Dressing | 1.86 | 1.86 |
| | (b) Survey, Demarcation, Construction of Mutam and main gate | 19.38 | 19.38 |
| | (c) Construction of BT | 649.41 | 649.41 |
| | (d) Storm Water Drain, Culvert & Footpath | 255.19 | 255.19 |
| | (e) Development of Park ,Open Area | 155.80 | 155.80 |
| | (f) Water Supply System (As given by P.H.E. Zone) | 708.00 | 708.00 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (g) Sewerage System (As given by P.H.E. Zone) | 500.00 | 500.00 |
| | (h) Electrification Work (As given by Electric Zone) | 170.50 | 170.50 |
| | (i) Plantation Work | 39.75 | 39.75 |
| | (j) Fee & Five year Charges for Rera | 10.00 | 10.00 |
| | (k) Consultancy Charges for Rera Registration | 1.00 | 1.00 |
| | Total (III) | 2510.89 | 2510.89 |
| | Total (I) & (III) | 4955.37 | 7399.85 |
| | Reserve Price in per sqm. = Total Cost/Total Saleable Area | 7057.52 | 10538.99 |
| | Proposed For Residential/Commercial Reserve Price (Say) | Rs. 7000 /-Per Sqm. | Rs. 10500/- Per Sqm. |

उपरोक्तगणना अनुसार योजना की आवासीय आरक्षित दर 7000/– रूपये प्रति वर्गमीटर एवं व्यवसायिक आरक्षित दर 10,500/– रूपये प्रति वर्गमीटर प्राप्त हुई हैं एवं उक्त योजना का नामकरण पत्रकार कॉलोनी मोगडा किया जाने की सक्षम स्वीकृति/अनुमोदनार्थ हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

## निर्णय

बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए योजना की आवासीय आरक्षित दर 7000/– रूपयें प्रति वर्गमीटर तथा व्यवसायिक आरक्षित दर 10500/– रूपयें प्रतिवर्गमीटर निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 6 :: सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जोविप्रा में तथा विभिन्न स्थानो पर कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवाए बाबत संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जोविप्रा में तथा विभिन्न स्थानो पर कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवाए बाबत संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति के संबंध में |

सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जो वि प्रा में तथा विभिन्न स्थानो पर कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवाए हेतु SOP-II (Goods & services) के बिन्दु सं. 01 के अनुसार कार्य की आवश्यकता को देखते हुये संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 218.00 लाख की कार्यकारी समिति की प्रत्याशा में जारी की गई। जिसका अनुमोदन कार्यकारी समिति में निहित है,

अतः कार्य की संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 218.00 लाख के अनुमोदन कार्यकारी समिति से करवाने हेतु प्रस्तुत है।

## निर्णय

बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि प्रस्तुत प्रस्ताव में संपूर्ण तथ्यों का समावेश नहीं हुआ है। अतः बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव संपूर्ण तथ्यों के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 7 :: प्राधिकरण कार्यालय उपयोग हेतु फोटो कॉपी का कार्य में संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति एवं समयावृद्धि के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | प्राधिकरण कार्यालय उपयोग हेतु फोटो कॉपी का कार्य में संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 73.00 लाख एवं समयावधि के अनुमोन की अभिशंषा की जाती है। |



Scanned with OKEN Scanner

प्राधिकरण कार्यालय उपयोग हेतु फोटो कॉपी का कार्य का कार्यादेश क्रमांक 103 दिनांक 17.07.2012 वार्षिक दर संविदा अनुबंध के तहत जारी किया गया था। इस अनुबंध के तहत कार्य की समयावधि बढाई गई थी साथ ही जोधपुर विकास प्राधिकरण की प्राधिकरण बैठक कार्यवाही क्रमांक बैठक/2013/1801—V/1/1021-70 दिनांक 24.09.2013 के प्रस्ताव संख्या 6 (16) के बिन्दु सं. 304 के द्वारा संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 35.00 लाख जारी की गई तथा अनुबंध की समयावधि 6 माह तक बढाई गई थी। परंतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक विवरण क्रमांक 2179—2217 दिनांक 04.08.2014 के प्रस्ताव संख्या 06 से उक्त संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति को निरस्त किया गया है। लेकिन इस अनुबंध के तहत एवं स्वीकृत दरो के अनुसार जनवरी 2015 तक संबंधित फर्म से कार्य करवाया गया तथा पत्रावली पर फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलो का सत्यापन किया गया है। मूल पत्रावली भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो द्वारा जांच हेतु ली गई थी। जिसे दिनांक 16.06.2020 को पुनः कार्यालय भेजी गई है। पत्रावली पर उपस्थित तथ्यो के अनुसार पत्रावली जांच हेतु एसीबी में होने के कारण नवीन निविदा आमंत्रित नही किया जाना बताया गया है। चुंकि कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृत राशि रू. 20.00 लाख तथा अवधि 12 माह थी जबकि अनुबंध के तहत वास्तविक कार्य अवधि 30 माह रही तथा कार्य पर कुल व्यय राशि रू. 73.00 लाख है। जिसमें से राशि रू. 20.00 लाख का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष राशि रू. 53.00 लाख के भुगतान की संवेदक द्वारा मांग की जा रही है। चुंकि प्रकरण वर्ष 2012—13 का है तथा मूल प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृत एवं अवधि से क्रमश 3.5 गुणा व 2.5 गुणा होने के कारण शिथिलता प्रदान करते हुये सक्षम स्वीकृति हेतु अथवा निर्णय हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति में प्रस्तुत है।

अतः कार्य की संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 73.00 लाख की स्वीकृति एवं भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि प्रस्तुत प्रस्ताव में संपूर्ण तथ्यों का समावेश नहीं हुआ है। अतः बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव संपूर्ण तथ्यों के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 8 :: Interior works at Barkatullah Khan Stadium Jodhpur Including Planning Designing of Complete Area As per BCCI/International Standard के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | Interior works at Barkatullah Khan Stadium Jodhpur Including Planning Designing of Complete Area As per BCCI/International Standard कार्य के समयावधि प्रकरण की स्वीकृति की अभिशंषा की जाती है। |

Interior works at Barkatullah Khan Stadium Jodhpur Including Planning Designing of Complete Area As per BCCI/International Standard के अनुबंध संख्या एफ 38 (18)2021—22/मुख्यालय के तहत कार्यादेश जारी किया गया, कार्यादेश राशि रू. 2,19,98,335/— है। कार्य की पूर्ण समयावधि 06 माह थी, तथा पूर्ण करने की निर्धारित दिनांक 14.05.2022 थी। कार्य समयावधि के दौरान आई बाधाओ (Recliner, Various Furniture Item, Player Locker, Push back chair side screen, Carpet, Hall of इत्यादि के सेम्पल समय पर अनुमोदित नहीं हुए जिस कारण उपरोक्त आईटम को साईट पर लाने में देरी हुई तथा कार्य समय पर पूर्ण नही हो सका। कार्य में लगा समय 181 दिन + विलम्ब समय 90 दिन कुल अवधि 271 दिन है जो की मूल अवधि से 1.49 गुणा है एसओपी के बिन्दु सं. 28 ।। के अनुसार उक्त प्रकरण के समयवधि की स्वीकृति की सक्षमता " Next



Scanned with OKEN Scanner

higher Authority of bid sanctioning authority " जो प्राधिकरण की कार्यकारी समिति में निहित है विलम्ब की सम्पूर्ण अवधि, समयावधि प्रकरण के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण को उतरदायी माना गया है।

अतः उपरोक्तानुसार समवाधि प्रकरण बिना शास्ति के भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 9 :: Supply & fixing of chairs of Stand in barkatullah khan Stadium, Jodhpur. के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | Supply & fixing of chairs of Stand in barkatullah khan Stadium, Jodhpur. की स्वीकृति की अभिशंषा की जाती है। |

Supply & fixing of chairs of Stand in barkatullah khan Stadium, Jodhpur के अनुबंध संख्या एफ 38 (26)2020–21 / मुख्यालय के तहत कार्यादेश जारी किया गया, कार्यादेश राशि रू. 45387520.00 का कार्य पूर्ण समयावधि 3 माह थी पूर्ण करने की निर्धारित दिनांक 24.04.2022 थी। कार्य समयावधि के दौरान आई बाधओ (आरसीए द्वारा chairs pattdern design dt 08-04-2022 को अनुमोदित की गई थी। साथ ही पुराने स्कोरर बोर्ड के स्थान पर कुर्सिया लगाने का निर्णय भी समय पर नही हो सका, साथ ही कुछ स्थान पर पुरानी आरसीसी को स्ट्रेथंन किया गया ) के कारण कार्य समय पर पूर्ण नही हो सका। कार्य में लगा समय 90 दिन (90+4) + विलम्ब समय 132 दिन कुल अवधि 226 दिन है जो मूल अवधि से 2.4 गुणा है एसओपी के बिन्दु सं. 28 ।। के अनुसार उक्त प्रकरण के समयवधि की स्वीकृति की सक्षमता " Next higher Authority of bid sanctioning authority " जो प्राधिकरण की कार्यकारी समिति में निहित है विलम्ब की सम्पूर्ण अवधि, समयावधि प्रकरण के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण को उतरदायी माना गया है।

अतः उपरोक्तानुसार समवाधि प्रकरण बिना शास्ति के भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 10 :: प्रशासन शहरों के संग अभियान 2022–23 में नगर मित्रों से सर्वे कार्य करवाने का कार्य।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | प्रशासन शहरों के संग अभियान 202–23 में नगर मित्रों से सर्वे कार्य करवाने का कार्य की प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति के अनुमोदन की अभिशंषा की जाती है। |

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2022–23 में नगर मित्रों से सर्वे कार्य करवाने का कार्य की प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति का अनुमोदन SOP-II (Goods & services) के बिन्दु सं. 01 To Accord administrative & Financial approval for good & Services के अनुसार राशि रू. 400.00 लाख की



Scanned with OKEN Scanner

स्वीकृति जारी की गई जिसकी सक्षमता कार्यकारी समिति में निहित है, कार्य की अतिआवश्यकता को देखते हुये कार्य की प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 400.00 लाख कार्यकारी समिति की प्रत्याशा में जारी किया गया।

अतः कार्य की प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 400.00 लाख का अनुमोदन कार्यकारी समिति से करवाने हेतु प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्तावानुसार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रूपये 400.00 लाख का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण द्वारा अब तक कितने सर्वे करवाये गये हैं तथा उन प्राप्त सर्वे में से कितने प्रकरणों को ले–आऊट प्लान समिति/जोनल लेवल समिति (जेड.एल.सी.) में प्रस्तुत कर निर्णित करवाया गया है, का ब्यौरा भी आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे। इसके साथ ही समस्त उपायुक्तगण द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर उक्त कार्य हेतु RTPP नियमानुसार प्रकिया अपनाई जाने की कार्यवाही किया जाना निर्णीत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 11 :: सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जोविप्रा में तथा विभिन्न स्थानों पर संविदा कर्मियो की सेवाए बाबत संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जोविप्रा में तथा विभिन्न स्थानो पर संविदा कर्मियो की सेवाए हेतु संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 306.09 लाख का अनुमोन की अभिशंषा की जाती है। |

सेवाप्रदाता एजेन्सी के मार्फत जोविप्रा में तथा विभिन्न स्थानो पर संविदा कर्मियो की सेवाए हेतु SOP-II (Goods & services) के बिन्दु सं. 01 के अनुसार कार्य की आवश्यकता को देखते हुये संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 306.09 लाख की कार्यकारी समिति की प्रत्याशा में जारी की गई। जिसका अनुमोदन कार्यकारी समिति में निहित है,

अतः कार्य की संशोधित प्रशासनिक एवं वितीय स्वीकृति राशि रू. 306.09 लाख के अनुमोदन कार्यकारी समिति से करवाने हेतु प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि प्रस्तुत प्रस्ताव में संपूर्ण तथ्यों का समावेश नहीं हुआ है। अतः बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव संपूर्ण तथ्यों (वित्तिय वर्ष का उल्लेख, स्वीकृति, आधार/ औचित्य आदि) के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 12 :: जोधपुर विकास प्राधिकरण के जोन पश्चिम मे राजीव गांधी कॉलोनी में वृक्षारोपण का कार्य मय तीन वर्ष रखरखाव अनुबंध संख्या F38(46)2010–11के Extra कार्य व Excess कार्य तथा समयावधि बढाने की स्वीकृति के संबंध में :–**

| क्रं. सं. | प्रभारी अधिकारी एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| | पत्रावली मे उपलब्ध दस्तावेजो व कार्यालय टिप्पणी अनुसार कोई तथ्य नहीं छिपाया गया हैं। | राजीव गांधी कॉलोनी में वृक्षारोपण का कार्य मय तीन वर्ष रखरखाव के प्रस्ताव की अनुशंषा की जाती हैं। |



Scanned with OKEN Scanner

इस कार्य की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति 78.90 लाख की स्वीकृत ळें कार्यादेश की राशि 6417587 रू. है।कार्य पर Extra कार्य 188433.72 रू. है, जो कि कार्यादेश का 2.94 प्रतिशत है तथा Excess कार्य 3180900.31 रू. है। जो कि कार्यादेश का 49.56 प्रतिशत है, अधिक व अतिरिक्त कार्य चुनाव आचार सहिता लगने व पौधो के रखरखाव व संधारण के कारण हुआ है ।कार्य आरम्भ करने की दिनांक 01.08.2010 व तथा कार्य पूर्ण व रखरखाव करने की दिनांक 31.07.2013 थी। परन्तु कार्य दिनांक 30.04.2015 को पूर्ण हुआ था जो कि पत्रावली अनुसार अक्टूबर 2013 में विधान सभा चुनाव व मार्च 2014 में लोक सभा चुनावों के कारण नवीन टेन्डर नहीं हो सकने के कारण प्रोविजनल समयावधि आदेश संख्या 593 दिनांक 20.04.2015 के द्वारा दिनांक 30.06.2015 तकतत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बढाई गई थी। उक्त कारणों से अधिकव अतिरिक्त कार्य सम्पादित हुआ। इस कार्य के रखरखाव को पूर्ण करने की दिनांक 31.07.2013 थी, लेकिन कार्य पूर्ण करने की वास्तविक दिनांक 30.04.2015 है। यह कार्यपेड़ पौधों के रखरखाव व संधारण का कार्य था, तथा साथ ही चुनाव आचार संहिता होने के कारण Extra व Excess कार्य व समयावधि बढाई गई थी। समयावधि प्रकरण तत्कालीन निदेशक अभियांत्रिकी महोदय द्वारा पत्रावली के पैरा संख्या 144/एन दिनांक 23.02.2017 द्वारा स्वीकृत है।

अतः इस कार्य की समयावधि दिनांक 30.04.2015 तक बिना शास्ति बढाने व Extra कार्य 188433.72 रू. व Excess कार्य 3180900.31 रू. की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति में प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि प्रस्तुत प्रस्ताव में संपूर्ण तथ्यों का समावेश नहीं हुआ है। अतः बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी एवं अधिशाषी अभियन्ता की कमेटी का गठन कर उक्त कमेटी से प्रकरण का परीक्षण करवाकर प्रकरण समस्त तथ्यों के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

**प्रस्ताव संख्या 13 :: Construction of New Bridge (Extra Laning) over Kaylana Lake joining Kaylana to Keru Road Portion, Jodhpur कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।**

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार एजेण्डा में किसी प्रकार का तथ्य छिपाया नहीं गया है। (FTS क्रमांक JDA/FTS/113015) | Construction of New Bridge (Extra Laning) over Kaylana Lake joining Kaylana to Keru Road Portion, Jodhpur कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की अनुशंषा की जाती है। |

राज्य सरकार की बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2023–24 की घोषणा संख्या 102 के बिन्दु सं. 7 अनुसार जोधपुर के कायलाना से केरू की तरफ सड़क की अतिरिक्त लेनिंग का कार्य, जिसका तैयार तकमीने अनुसार अनुमानित लागत राशि रू. 1500.00 लाख है। वर्तमान प्रचलित एसओपी के अनुसार राशि रू. 500.00 लाख से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति (EC) सक्षम है।

अतः आयुक्त महोदय के स्वीकृति के पश्चात् उक्त कार्य हेतु राशि रू. 1500.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रकरण कार्यकारी समिति (EC) के सक्षम निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।



Scanned with OKEN Scanner

**प्रस्ताव संख्या 14 :: Renovation of Existing building of Jai Narayan Vyas Town Hall , Jodhpur including all additions and alterations in civil work, modification of all toilets, complete Auditorium Interior work etc.**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार प्रस्तुत है | Renovation of Existing building of Jai Narayan Vyas Town Hall ,Jodhpur including all additions and alterations in civil work, modification of all toilets, complete Auditorium Interior work etc. के alterations in civil work, modification of all toilets, Additional work Amount Rs. 3612994.54 की स्वीकृति की अभिशंषा की जाती है। |

